हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 05 जनवरी 2015, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण www.livehindustan.com

सांसद महेश शर्मा ने आदर्श ग्राम नीमका का किया दौरा, नोएडा टकसाल ने मदद को दिए 75 लाख रुपये, कुछ और कंपनियों के आगे आने की संभावना

बिमटेक करेगा गांव का सर्वेक्षण और एसोचैम देगा तकनीकी सहायता

रविवार को ग्रेनो के नीमका गांव में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. महेश शर्मा ने महिलाओं से गांव की समस्याओं के बारे में जानकारी ली व विकास योजनाओं पर चर्चा की। • हिन्दुस्तान

ग्रेटर नोएडा | मुख्य संवाददाता

सांसद आदर्श ग्राम नीमका के विकास के लिए बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी और एसोचैम जैसी संस्थाएं आगे आई हैं। रविवार को डॉ. महेश शर्मा गांव में पहुंचे। ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव की विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। गांव वालों ने मंत्री को बताया कि गंदगी सबसे बड़ी परेशानी है। बिजली नहीं मिलती है। मंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमित सफाई अभियान चलाएं। बिजली के लिए सोलर प्लांट और बायो गैस प्लांट लगाए जाएंगे।

डॉ. महेश शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि देश के चुनिंदा प्रबंधन संस्थानों में शुमार ग्रेटर नोएडा का बिरला इंस्टीट्यूट गांव में सर्वे करेगा। लोगों की जरूरतों का पता लगाएगा। इस सर्वे के आधार पर ही गांव में विकास कार्य होंगे। बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी, कलस्टर डेवलपमेंट विभाग के हेड प्रोफेसर एनएन शर्मा और 10 छात्रों की टीम सर्वे में जुटी है। एसोचैम गांव में युवकों को रोजगार परक प्रशिक्षण देगा। इससे युवा वर्ग की बेरोजगारी दूर होगी। गांव को वाई फाई किया जाएगा। नीमका में विकास योजनाओं पर खर्च करने के लिए नोएडा की टकसाल ने 75 लाख दिए हैं। उन्होंने ग्रामीणों के बीच यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में कई और कंपनियां नीमका में विकास योजनाओं के लिए आगे आएंगी।

मंत्री ने ग्रामीणों से की समय देने की अपील

डा. महेश शर्मा ने लोगों से हाथ जोड़कर अपील की कि केंद्र सरकार विकास के मुद्दे पर दिन रात काम कर रही है। ऐसे में कई बार क्षेत्र में शादी समारोह या दूसरे आयोजनों में जाने का अवसर नहीं मिला पाता। इस पर गौर नहीं करें। मेरी भावना सबके साथ है। केवल थोड़ा समय दें। थोड़े दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मंडल का काम दिखने लगेगा।

नीमका में गंदगी बहुत मिली है। ग्रामीणों ने भी यह शिकायत की है। किसान खाद केंद्र का दौरा किया। केंद्र के अध्यक्ष ने व्यवस्थाएं और बढ़िया करने का वायदा किया है। गांव की महिलाओं ने भी कई समस्याएं बताई हैं। उन्हें दूर किया जाएगा। बिमटेक और एसोचैम जैसे अग्रणी संस्थान जुड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में कई और कंपनियां गांव के विकास में सहयोग देंगी।

–डॉ.महेश शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री

हम लोग नीमका गांव में सर्वे कर रहे हैं। इसमें नीमका गांव की जरूरतों, लोगों की समस्याओं और उनके समाधान पेश किए जाएंगे। कलस्टर इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए हमारे प्रोफेसर और इस विषय के 10 चुनिंदा छात्र गांव में काम कर रह हैं। ये बच्चे गुजरात में भी काम कर चुके हैं।

–डॉ.हरिवंश चतुर्वेदी, निदेशक, बिमटेक